हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, शनिवार 18 मई 2024
login : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप



### एकेएसयू इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एक सप्ताह का वर्कशॉप

**सतना।** एकेएसयू इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एक सप्ताह का स्टूडेंट ओरिएंटेड वर्कशॉप आयोजित किया गया। विद्युत सुरक्षा पर किया गया यह आयोजन सफल रहा। इस वर्कशॉप में ट्रेनर जे.एन सिंह ने बताया की इंडस्ट्रियल सेफ्टी टाइप्स आफ शॉक मोटर रेटिंग,इंडस्ट्रियल मशीन गैस हजार्ड्स अंडरग्राउंड वोल्टेज एक्सप्लोजन रेस्क्यू मिशन रिकवरी के बारे में उन्होंने बताया। इंजीनियर अनिल कुमार मित्तल ने इंडस्ट्रियल सेफ्टी,कनेक्शन यूज्ड इन माइन्स एंड अदर इंडस्ट्री के बारे में बताया। इंजीनियर आर.के. श्रीवास्तव ने अर्थिंग का महत्व बताया तथा सावधानियों के विषय में स्टूडेंट से चर्चा की। मेडिकल फील्ड के अमित द्विवेदी ने शॉक लगने के बाद ट्रीटमेंट के बारे में बताया उन्होंने आपात पुनर्जीवन अचेत अवस्था के उपचार के बारे में बताया।अवधेश कुमार पांडे ने मशीन में मशीन के उपयोग में की जानकारी दी। इस वर्कशॉप में स्टूडेंट्स को बेहद अहम जानकारियां प्रदान की गई। वर्कशॉप कोऑर्डिनेटर इंजीनियर डॉक्टर रमा शुक्ला रहे।

### हिंदू पर्व समन्वय समिति का अभिनंदन समारोह रविवार को सरस्वती विद्यापीठ में आयोजित

**सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित श्री रामनवमी शोभायात्रा में शामिल झांकियों को अभिनंदन समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। समन्वय समिति शोभायात्रा प्रभारी कमलजीत सिंह सेठी एवं सहप्रभारी हरिओम गुप्ता ने बताया कि रविवार शाम 5.30 बजे से सरस्वती आवासीय विद्यापीठ उतैली के श्रीशंकर सभागार में हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। अभिनंदन समारोह में संत समाज एवं नगर के गणमान्य विशिष्ट नागरिकों की उपस्थिति में सभी सहभागी संस्था प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया जाएगा।

### वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर 20 मई को

**सतना।** राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तर पर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण,जांच-उपचार एवं परामर्श के लिए 20 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से जिला चिकित्सालय सतना में ट्रामा सेंटर, भूतल, माड्युलर ओटी के पास स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन तथा आरएमओ द्वारा शिविर में मेडीकल कालेज और चिकित्सालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। इनमें आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. सुजीत मिश्रा,नाक, कान, गला डॉ. कार्तिकेश गुप्ता,एमडी कम्युनिटी मेडीसीन डॉ. प्रियंका खाटवानी, डेंटिस्ट डॉ.सपना सिंह,नेत्र रोग डॉ.रजनीश, साईकेट्रीस्ट डॉ.धीरेन्द्र मिश्रा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.मोहम्मद अशरफी, नर्सिंग आफीसर श्रीमती मिथलेश गौतम, श्रीमती अर्चना तथा श्रीमती दिव्या मिश्रा, फार्मसिस्ट डॉ.अजीत सिंह,लैब टेक्नीशियन दीपक चौधरी, नेत्र रोग सहायक कुलदीप कोल, लैब अटेन्डेंट मो.इमरान खान, आयुष्मान कार्ड अभय विश्वकर्मा तथा वार्ड ब्याय घनश्याम सोनी की डयूटी लगाई गई है।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने तीन प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले में कार्यवाही का सिलसिला जारी है। इसी तारतम्य में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य तेल की जांच का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।






## मुख्तियार गंज रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में बाधक

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

*सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुख्तियार गंज इलाके में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज में बाधक बने अतिक्रमण पर शुक्रवार को बुलडोजर चलाया गया। जिला प्रशासन और नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने 25 से अधिक बड़े और छोटे अतिक्रमण ढहा दिए।*

### जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त कार्यवाही पुलिस बल रहा तैनात

**सतना।**

किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो,इसके लिए यहां पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।इस मौके पर एसडीएम सिटी नीरज खरेवी उपस्थित रहे।कार्यवाही के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बहसबाजी भी हुई।

### लंबे समय से था कब्जा

प्रशासन द्वारा मुख्तियारगंज में जिन लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गयी,उनमें कांग्रेस पार्षद अमित अवस्थी सहित 21 अन्य लोग भी शामिल हैं।प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने अतिक्रमणकारियों के कब्जे से करीबन 10 हजार वर्गफुट से अधिक शासकीय भूमि को मुक्त कराया।बताया जाता है कि अतिक्रमण के चलते रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का कार्य महीनों से रुका पड़ा हुआ था।अतिक्रमण हट जाने के बाद रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य की गति अब से तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

### नहीं पेश कर सके दस्तावेज

अधिकांश अतिक्रमणकारी अपने कब्जे की भूमि को खाते की वैध बताते घूम रहे थे। किन्तु प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जब अतिक्रमणकर्ताओं से स्वत्व के दस्तावेज एवं निर्मित भवनों की अनुज्ञा, नक्शा प्रस्तुत करने कहा गया तो यह लोग कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर सके।

### टीम के पहुंचते ही मचा हड़कंप

संयुक्त टीम के जेसीबी व अन्य साज सामान के साथ मौके पर पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गयी। अतिक्रमणकारियों को इधर से उधर दौड़-भाग करते देखा गया। कई लोग इस कार्यवाही को सरकार की ज्यादती करार देते हुए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को कोसते देखे गये।

### अतिक्रमण की भूमि का हो रहा था व्यवसायिक उपयोग

हासिल जानकारी के मुताबिक अतिक्रमणकर्ताओं ने मुख्तियार गंज में जिस भूमि पर कब्जा कर रखा था, उसमें माकान एवं व्यवसायिक कारोबार किया जा रहा था।

### तीन माह में तीन नोटिस व एक अल्टीमेटम

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नगर निगम आयुक्त डॉ.शेर सिंह मीना के निर्देश पर अतिक्रमण शाखा द्वारा तीन माह में अतिक्रमणकर्ताओं को तीन बार नोटिस भेजी गयी और एक बार अल्टीमेटम दिया गया। जिस दिन अंतिम सूचना दी गयी,उसी दिन नगर निगम की ओर से मुख्तियार गंज क्षेत्र में लाउडस्पीकर से एनाउन्समेन्ट भी कराया गया। किन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा स्वेच्छा से अपने-अपने अतिक्रमण नहीं हटाये गये। प्रशासन द्वारा पूर्व सूचना की वैधानिक कार्यवाही पूर्ण किये जाने के बाद शुक्रवार सुबह एसडीएम रघुराजनगर नीरज खरे की अगुवाई में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया। कार्यवाही में पीडब्ल्यूडी के एसडीओ देवयानी सिंह,सीएसपी महेन्द्रसिंह चौहान,सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परिहार,नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी आरपी सिंह परमार,प्रशासन व नगर निगम के अन्य राजस्व अधिकारी शामिल रहे।

# ननि होर्डिंग मालिकों से ब्याज सहित वसूली करेगा रकम

**सतना।**



नगरनिगम आयुक्त शेर सिंह मीणा द्वारा संपत्ति कर एवं राजस्व शाखा की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह जानकारी से अवगत कराया गया कि होर्डिंग ठेकेदार द्वारा निर्धारित राशि निगम कोष में जमा नहीं की जा रही है। इस संबंध में आयुक्त द्वारा राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि होर्डिंग ठेकेदार के विरूद्ध ब्याज सहित निगम निधि की वसूली की जाए। साथ ही कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग नगर निगम सतना को निर्देशित किया गया कि निगम के अनुबंधित संविदाकार द्वारा नगर में स्थापित होर्डिंग की संरचना की मजबूती की जांच की जाए जिससे कि आंधी या तेज हवा चलने पर किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। आयुक्त द्वारा शहर में स्थापित विभिन्न व्यवसायों पर व्यवसायिक ट्रेड लाइसेंस की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि बहुत कम संख्या में ट्रेड लाइसेंस जारी किए गए हैं जो शहर की जनसंख्या एवं शहर में स्थापित व्यवसाय के अनुपात में काफी कम है। ट्रेड लाइसेंस कम जारी होने के कारण निगम की वार्षिक आय प्रभावित हुई है। इस संबंध में आयुक्त द्वारा राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगर निगम सीमा में स्थापित प्रत्येक तरह के स्थापित व्यवसाय का सर्वे कर सूचीबद्ध किया जाए एवं जो व्यवसायी बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय कर रहे हैं उनके ट्रेड लाइसेंस जारी किए जाए एवं राजस्व की वसूली की जाए। निगम की दुकानों के शतप्रतिशत प्रीमियम एवं मासिक किराए की वसूली निर्धारित समय में की जाए।

### वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य निर्धारित करें

इसी तरह संपत्ति कर का वार्षिक लक्ष्य के अनुपात में मासिक लक्ष्य निर्धारित कर,लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जाए। इस हेतु प्रत्येक कर्मचारी को मासिक लक्ष्य प्रदान किए जाए एवं कर्मचारी द्वारा लक्ष्य के अनुरूप की गई वसूली की नियमित समीक्षा की जाए।आयुक्त द्वारा कृपालपुर एवं सतना नदी में निर्मित एसटीपी, प्रधानमंत्री आवास योजना उतैली एवं मल्टीस्पोट्स कॉप्लेक्स व व्हीकल यार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम कृपालपुर साईट में चल रहे कार्य का अवलोकन किया एवं निर्देशित किया कि कृपालपुर के एसटीपी में सिविल कार्य 4 दिन में पूर्ण किया।

# 36 घंटे बाद मिला तालाब में डूबे वृद्ध का शव

## इत्र बेचने का काम करता था मृतक

**सतना।**



सतना-चित्रकूट मार्ग पर स्थित मझगवां पंचायत मुख्यालय के पुराने तालाब के पानी ने 5 दिन के अंदर एक और जिंदगी लील ली। तालाब के पानी में डूबने से अब एक वृद्ध की मौत हो गई है। उसका शव लगभग 36 घंटे बाद तालाब में तैरता नजर आया। जानकारी के मुताबिक, मझगवां में गायत्री मंदिर के पास स्थित पुराने तालाब के पानी में डूब जाने से एक वृद्ध की मौत हो गई। उसका शव शुक्रवार तड़के तालाब में तैरता नजर आया। इसके पूर्व पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम बुधवार से ही तलाश में जुटी थीं लेकिन किसी को कोई कामयाबी नहीं मिली। लाश मिलने के पहले तक किसी को यह भी पता नहीं था कि डूबने वाला कौन है।शुक्रवार को तड़के शव पानी के अंदर से खुद ही सतह पर आ गया। मृतक की शिनाख्त भीम सिंह पिता बलवंत सिंह (72) निवासी गोधेपुर जलालपुर नागिन कानपुर देहात उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची मझगवां पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक पिछले कई वर्षों से मझगवां में ही रहता था और इत्र बेचने का काम करता था। वह तालाब में कैसे डूबा,इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। पुलिस जांच कर रही है। गौरतलब है कि अभी 12 मई को ही इसी तालाब के पानी में डूबने से 17 वर्षीय किशोर प्रतीक पांडेय उर्फ वीरू पिता रामबाबू पांडेय निवासी पाटिन की मौत हो गई।

# प्रिज्म ने नए एसपी एवं सीएफए ग्रैंड लॉन्च मीट का किया आयोजन





**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा होटल रिवर व्यू सतना एवं होटल क्लार्क खजुराहो में नए एसपी एवं सीएफए के परिचय के लिए ग्रैंड लॉन्च मीट का आयोजन किया गया, जिसमे सतना, पन्ना, छतरपुर एवं टीकमगढ़ के सभी डीलर, रिटेलर को आमंत्रित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन से हुई। प्रिज्म सीमेंट के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) राकेश जैन,पराग जैन, सीएमओ (सीमेंट डिविजन) जोनल हेड हितेंद्र मिश्रा, रीजनल हेड रियाज अहमद, जोनल टेक्निकल हेड विकास सिसोदिया, ब्रांच मैनेजर सदाब्रज, सौरभ श्रीवास्तव, ब्रांच तकनीकी मैनेजर लोकेश गुप्ता एवं सतना सेल्स प्रमोटर भव्य छाछरिया और छतरपुर-टीकमगढ़ सेल्स प्रमोटर अर्जुन नायक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिज्म सीमेंट के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) राकेश जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कंपनी के सीएमओ पराग जैन ने किया, जिसमे कंपनी के जोनल हेड हितेंद्र मिश्रा ने चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सीमेंट डिविजन को बुके एवं साल देकर स्वागत किया।कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) राकेश जैन ने कार्यक्रम में आए सभी डीलर,रिटेलर बंधुओं का अभिनंदन किया एवं सभी को संबोधित करते हुए यह विश्वास दिलाया कि हम आपके साथ हमेशा कदम से कदम मिला कर हमेशा खड़े हैं,हमारी तकनीकी टीम भी आपको आज की तारीख में सबसे बेहतरीन सर्विस दे रही है,तत्पश्चात कंपनी के सीएमओ पराग जैन ने कंपनी के सभी ब्रांड प्रिज्म चैंपियन, प्रिज्म चैंपियन प्लस, प्रिज्म चैंपियन ड्यूराटेक, प्रिज्म चैंपियन ऑल वेदर के बारे में बताया और सभी डीलर रिटेलर बंधुओं को यह विश्वास दिलाया कि हम आपके और आपके परिवार के लिए इंश्योरेंस योजना भी लाए हैं, जिससे हम आपके व्यवसाय के साथ साथ आपको और आपके परिवार का भी ध्यान दिया जा सके। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रिज्म सीमेंट के स्तंभ के रूप में शुरुआत से अभी तक खड़े रहने के लिए सतना,पन्ना,छतरपुर एवं टीकमगढ़ के कुछ डीलरों का सम्मान बुके,शाल एवं ट्रॉफी के साथ सीओओ राकेश जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारत के जानेमाने जादूगर तरुण खेमनानी ने बहुत ही शानदार जादू का प्रदर्शन किया और सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रिज्म सीमेंट मध्यप्रदेश जोनल तकनीकी हेड विकास सिसोदिया ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथि एवं डीलर,रिटेलर बंधुओं का आभार व्यक्त किया, इस कार्यक्रम में कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) राकेश जैन,सीएमओ पराग जैन,बीसीजी के अधिकारी सिद्धार्थ माहेश्वरी,जोनल हेड हितेंद्र मिश्रा, रीजनल हेड रियाज अहमद, जोनल तकनीकी हेड विकास सिसोदिया, सतना मनकहरी प्लांट के सभी सीनियर अधिकारी, सतना-पन्ना के सेल्स प्रमोटर भव्य छाछरिया एवं छतरपुर-टीकमगढ़ के सेल्स प्रमोटर अर्जुन नायक समेत समस्त तकनीकी एवं सेल्स अधिकारी भी शामिल हुए। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने उपरोक्त जानकारी दी।

## विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी करें-अतिरिक्त मुख्य सचिव

# संभागीय बैठक के निर्णयों पर तत्परता से कार्यवाही करें: कंसोटिया

**सतना।**



कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रीवा संभाग के प्रभारी अधिकारी तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव वन जेएन कंसोटिया ने कहा कि कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी करें।

क्षेत्र का भ्रमण करके योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाई को दूर करें। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विकास योजनाओं से जुड़े अन्तर्विभागीय विषयों पर चर्चा करके अधिकारियों को उचित निर्देश दें। संभागीय बैठक में लिए गए निर्णयों पर तत्परता से कार्यवाही करें।

बैठक के जिला और संभाग स्तर के सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही करके पालन प्रतिवेदन पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराएं। कलेक्टर और वनमण्डलाधिकारी विकास योजनाओं से जुड़े भूमि के प्रकरणों का संयुक्त रूप से प्रयास करके निराकरण करें। जिससे स्वीकृत विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सके। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मऊगंज तथा मैहर नए जिले हैं।

इनमें संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव तत्काल तैयार करें। इन जिलों में नवीन कार्यालय प्रारंभ करने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पद स्वीकृत कराने के संबंध में विभागीय स्तर से प्रयास करें। सिंचाई,सड़क,नल-जल योजना तथा अन्य निर्माण कार्यों में जहाँ वन भूमि की आवश्यकता है वहाँ संबंधित विभाग के अधिकारी अनुमति के लिए आवश्यक अभिलेखों के साथ ऑनलाइन आवेदन करें। वन विभाग के अधिकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तय समय सीमा में आवेदन का निराकरण करें। कलेक्टर इसकी हर सप्ताह समीक्षा करें। जमीन के अभाव में किसी भी परियोजना का निर्माण कार्य बाधित नहीं होना चाहिए। ऐरा प्रथा के नियंत्रण के लिए कलेक्टर मऊगंज द्वारा किया गया नवाचार सराहनीय है। ग्रामीण विकास विभाग से स्वीकृत सभी गौशालाओं का निर्माण पूरा कराकर उनमें गौवंशों के रखने की तथा गौशाला संचालन की व्यवस्था करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि पेयजल व्यवस्था से जुड़े निर्माण कार्यों पर सभी कलेक्टर विशेष ध्यान दें। जल जीवन मिशन के कार्यों की नियमित समीक्षा करें।

विकास योजनाओं के संबंध में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कराएं। संभागीय बैठक में जल जीवन मिशन की बाणसागर प्रथम समूह नल-जल योजना के कार्य में तेजी के सुझाव दिए गए थे। इस महत्वपूर्ण योजना का कार्य समय सीमा में पूरा कराएं। संभाग में स्वीकृत सभी पाँच प्रमुख समूह नल-जल योजनाओं के कार्यों की कलेक्टर नियमित समीक्षा करें।

बरगी परियोजना में स्लीमनाबाद टनल का निर्माण दिसम्बर माह तक पूरा होगा। इसकी नहरों का कार्य पूरा करा लें जिससे टनल का कार्य पूरा होते ही किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सके। बैठक में कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इनमें किसी भी तरह की कठिनाई आने पर तत्काल अवगत कराएं।

कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करें। राज्य स्तर पर प्रेषित प्रस्तावों को स्वीकृत कराने के लिए लगातार फालोअप करें। बैठक में सभी कलेक्टरों ने जिले के विकास कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में अतिरिक्त वन संरक्षक राजेश राय,कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेख शुक्ला, कलेक्टर मैहर रानी बाटड,कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, प्रभारी कलेक्टर सतना स्वप्निल वानखेड़े, डीआईजी साकेत पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह,सभी जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी तथा संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लाइव फोटोग्राफी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**पन्ना।** देश से 50 फोटोग्राफर आ रहे है तो पन्ना थीम में फोटोग्राफी करेंगे इसमें पन्ना के टेम्पल, खजुराहो के टेम्पल और पन्ना की जंगल सफारी को मिला कर फोटोग्राफी होगी इसका उद्घाटन आज 1:30 पीएम केन रिवर लॉज में होगा इस इवेंट में देश के प्रसिद्ध फोटोग्राफर हस्तियाँ आ रही है जो इवेंट के पार्टिसिपेंट को उमदजवत करेंगे और रनकहमउमदज करेंगे। इस इवेंट का समापन कार्यक्रम 20 को शाम 7 बजे से केन रिवर लॉज में होगा।

### कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़कर 31 मई की

**पन्ना।** राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे-गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल, 2024 को बढ़ाकर 31 मई, 2024 किया जायेगा।

### विश्वयविद्यालय की टीम ने किया निरीक्षण

**पन्ना।** शासकीय नवीन महाविद्यालय खोरा की सम्बवद्धता महाराजा छत्रसाल बुन्देयलखण्डश विश्विविद्यालय छतरपुर से करने के लिये विश्व विद्यालय समिति ने महाविद्यालय का निरीक्षण कर भौतिक सत्याकपन दिनांक 15.05.2024 को किया। विश्ववविद्यालय की निरीक्षण समिति में प्रधानमंत्री श्री उत्कृष्टी छत्रसाल शासकीय अग्रणी स्नायतकोत्तिर महाविद्यालय पन्नाप के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र्पाल सिंह परामर संयोजक एवं महाराजा छत्रसाल बुन्देरलखण्ड विश्वमविद्यालय के प्राध्याापक डॉ. के.एल. पटेल व श्री गुरू ओम मनु सदस्य् के रूप में शामिल रहे है। समिति ने महाविद्यालय की भावी आवश्य कताओं को ध्यीन में रखकर महाविद्यालय की आधारभूत सरंचना का आकलन किया। महाविद्यालय के संसाधनों एवं शैक्षणिक व्यखवस्थाओं का निरीक्षण किया। महाविद्यालय में विज्ञान, कला एवं वाणिज्यश संकाय के साथ-साथ कम्प्यूाल टर साइन्स के अध्या पन हेतु पाठ्यक्रम मान्या है। अध्य यन-अध्यांपन व्य-वस्थाा के साथ-साथ प्रवेशित छात्र संख्याा की जानकारी समिति द्वारा ली गयी। ज्ञातव्यर है कि इस टीम की अनुशंसा पर ही महाविद्यालय खोरा को विश्वखविद्यालय की सम्बतद्धता प्राप्त हो सकेगी। सम्बरद्धता प्राप्त होने के बाद विश्वलविद्यालय द्वारा अनेक छात्र कल्यावणकारी योजनाएं महाविद्यालय में प्रारंभ हो सकेगी। छत्रसाल शासकीय स्ना तकोत्तिर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह परमार ने बताया कि महाविद्यालय खोरा की प्राथमिकता आवश्यकताओं को पूर्ण करने की दिशा में उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। विश्विविद्यालय से सभी प्रकार के लाभ महाविद्यालय को प्राप्तर हो, इसी क्रम में यह निरीक्षण किय गया है। इस दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजीव सिंह अपने सहयोगियों सहित उपस्थित रहें।

## आंधी-तूफान व बारिश से पान बरेजा में फसलों को भारी क्षति

# 2 दर्जन किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट






विगत दिवस तेज आंधी व तुफान के साथ बारिश होने के कारण पान की खेती करने वाले किसानों के ऊपर लगा गृहण। धरासायी हुए पान बरेजे लगभग 600 पारियों में भारी तबाही का मंजर पान की खेती वैसे भी हमारे जिले के सलेहा क्षेत्र में जो किसान परिवार अपनी साख व पहचान को लेकर करते आ रहे उनके सामने यह तबाही का मंजर अचानक विगत दिवस चौदह मई को आ गया।

**पन्ना।**

लगभग दो दर्जन से अधिक किसानों के सामने रोजी-रोटी को लेकर खड़ा हो गया संकट बनी समस्या। प्रशासन अभी तक पान की खेती करने वाले किसानों की सुध लेने नहीं पहुंचा। जो एक बड़ा सवाल।

विगत दिवस 14 मई को तेज आंधी व तुफान बारिश के चलते पान की खेती करने वाले किसानों के ऊपर ग्रहण रूपी संकट लग गया। जो पहले से ही बदहाली का दंश झेल रहे थे। पान की खेती करने वाले किसान बरेजे आज इस तुफान व पानी आंधी से धरासायी हो गये। जिससे पान की खेती करने वाले किसानों को लाखों रूपये का नुकसान हुआ। सलेहा क्षेत्र में यह दास्ता मंगलवार को दोपहर अचानक हुई बारिश व तुफान से खजलाई हार, कल्लू बाबा हार, मरघटी, बरछा हार, कल्दा मोड़ हार, मुखलया हार में बने पान बरेजे दो दर्जन किसानों के जमीन में गिरकर जमीदोज हो गये। जिससे पान बरेजे की करीब 6 सैकड़ा से अधिक की पारियां बर्बाद हो चुकी है। पान की खेती और बरेजे तबाह हो गये। जिससे किसानों को तबाही का मंजर झेलने को लेकर संकट सामने आ गया। लाखों रूपये का नुकसान हर किसान को झेलना पड़ जायेगा। अचानक आई आपदा से हुए नुकसान से पान की खेती करने वाले किसानों को अब अपना परिवार चलाना कठिन होगा। ज्ञात हो कि वर्तमान समय में पान की खेती वैसे भी समाप्त हो रही है। फिर भी हमारे जिले की पहचान देशी पान सलेहा क्षेत्र में जो किसान कडी मेहनत के साथ करते थे उनको यह आधी तुफान ने तबाह कर दिया। और पान की खेती में वैसे भी कभी आग तो कभी ओला तो कभी पाला अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा अन्य फसलों की अपेक्षा अधिक रहता है। साथ ही फसल क्षति में मुआवजा और राहत भी नहीं मिलती। ऐसे में पान की खेती करने वाले किसानों के सामने रोजी-रोटी के संकट के हालात बने सामने। अब इन परिस्थितियों के सामने आपदा राहत राशि इन दो दर्जन के किसानों को पान बरेजे में हुए नुकसान का सर्वे करके देने को लेकर पहल होगी। गौरतलब बात तो यह है कि इस तबाही के मंजर के बाद भी आज दिनांक तक पान की फसल के हुए नुकसान का सर्वे करने तक कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। आखिर कैसे आपदा राहत राशि किसानों के लिए संकट की घड़ी में मिलने की उम्मीद सहारा रूपी दिशा तय करेगी। वहीं पान किसानों की न केवल फसल खत्म हुई उसके साथ ही पपीता, लौकी, टमाटर, अदरक, मिर्च, खीरा, ककड़ी और कुंदरू की फसल भी चौपट हो गई क्योंकि पान बरेजे में पान किसानों द्वारा पांच स्तरीय खेती सदियों से की जाती है। जिन किसानों को ये सब नुकसान संकट के रूप में पान बरेजे आंधी तुफान व बारिश के चलते नष्ठ होने से हालात पैदा हो गये। इनमें रामदीन, रामजी, भूरा, सतीष, कृष्ण कुमार, दशरथ जवाहर, रामनारायण, आंनद, हक्कू, संतू, बाराती, गट्टू, रामनरेश, अवधेश, विट्टू, जवाहर बद्री, पन्ना, राजू, कितार, कामता, रमेश, राधे, अवधेश, मुन्ना, कामता, राजकुमार, बद्री, रामभगत, भीम आदि किसान पान बरेजा में तबाही व धरासाही होने के कारण नुकसान को लेकर जाने जा रहे है। गौरतलब बात यह है कि इन पान की खेती करने वाले किसानों की सुध लेने को लेकर क्या प्रशासन आपदा राशि देने के लिए सर्वे आदि की कार्यवाही को अंजाम देगा की नहीं यह तो जिम्मेदार ही जाने।

#### इनका कहना है

इस संबधं में एस.डी.एम. गुनौर से बात की गई तो आपने बताया कि आर.बी.सी. 6-4 के तहत शासन की जो दर पान बरेजा में फसल नुकसान को लेकर सर्वे में सामने आयेगा उसके अनुसार सहायता राशि अनुदान के रूप में राहत राशि प्रदान करने के लिए कार्यवाही की जा रही है।

**-रामनिवास चौधरी,**
**एस.डी.एम. गुनौर**



## सरपंच पति की प्रताड़ना से परेशान अनुसूचित जाति के परिवार ने कलेक्ट्रेट में डाला डेरा

**पन्ना।**

जिले के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कीरतपुर निवासी बलबीर चमार पिता लब्भू चमार ने आज अपनी पत्नी, बच्चों, भाई और मां सहित पूरे परिवार सहित पहुंच कर पुलिस अधीक्षक पन्ना और कलेक्टर पन्ना को शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि ग्राम पंचायत कीरतपुर की सरपंच बबीता गौतम के पति रामबाबू गौतम जिसका भाई भाजपा का नेता है रामबाबू गौतम चुनावी रंजिश के चलते काफ़ी समय से बेवजह परेशान कर रहा है। कुछ समय पूर्व हमारी पुश्तैनी जमीन से जबरन रोड बनवाई थी और बीते दिन सीसी रोड बनवाने के दौरान हमारे घर का चबूतरा तुड़वा रहे थे मना करने पर उसके कुछ आदमियों ने मेरे साथ गली शुरू कर दी, जिसका वीडियो बनाने पर मेरा मोबाइल छीन लिया और घर में घुसकर मेरे साथ मेरे भाई के साथ और मेरी मां के साथ मारपीट की जिसकी शिकायत धरमपुर थाना में करने पर वहां भी रामबाबू गौतम पहुंच गया जिसके पहुंचते ही थाना प्रभारी के द्वारा हमारे साथ गाली-गलौच करते हुए जेल भेजने की धमकी देकर राजीनामा करने की बात कही गई और कोरे कागज में जबरदस्ती हस्ताक्षर करवा लिए। इस प्रकार सरपंच पति रामबाबू गौतम के द्वारा चुनावी रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों और पुलिस से मिलकर बेवजह परेशान किया जा रहा है, जिससे पूरा परिवार भयभीत है और आज पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को शिकायत की आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने तक घर नहीं जाने की बात कही है।

## केन नदी में अवैध रेत उत्खनन पर कैसे लगे विराम, पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील में बहने वाली केन नदी से बीसों फुट गहराई से निकाली जा रही रेत






**पन्ना।**

पन्ना जिले के राजस्व रॉयल्टी को भारी क्षति वहीं केन नदी में सड़क जैसे अस्थाई निर्माण करके पन्ना जिले की सीमा में बहने वाली केन नदी की धारा रोककर अंदर से लगभग बीसों फुट गहराई से रेत निकालना क्या जलीय जीव जन्तुओं को असमायिक मौत को लेकर जिम्मेदार कौन?

रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन पन्ना जिले से बेखौप होकर रेत माफियाओं द्वारा सतत व्यवसाय कारोबार के रूप में अंजाम दिया जा रहा है। गौरतलब बात यह है कि पन्ना जिले में रेत खदान का कोई ठेका नहीं हुआ। वहीं छतरपुर जिले में भी ठेका अगर हुआ है तो किसका हुआ कितनी सीमा का हुआ खदान का नाम क्या, साथ ही ठेका है या कोई डम्प कहां से रॉयल्टी परमिट प्रदान किये जाते है। क्या जांच का विषय नहीं वहीं सबसे बड़ा सवाल जो पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील में बहने वाली केन नदी जो पन्ना छतरपुर जिले की सीमा मध्य से ही निर्धारण करती है आखिर पन्ना जिले की सीमा के अंदर छतरपुर जिले की सीमा से सड़क बनाकर बाखूबी पन्ना जिले में बहने वाली केन नदी के क्षेत्र से बीसों फुट गहराई से एलएनटी मशीनों द्वारा रेत का कारोबार दिन व रात जारी रहता है। वहीं जब पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील के एस.डी.एम. व थाना प्रभारी कार्यवाही को अंजाम देने को पहुंचते है तो विगत दिवस हालात यह नजर आते है कि सभी डम्फर व ट्रक तथा एल.एन.टी मशीनें छतरपुर जिले की सीमा का लाभ लेने को लेकर केन नदी में अपनी दास्ता को लेकर बचाव करने के लिए अपने वाहन सहित नौ-दो ग्यारह हो जाते है। इसमें सफेद पोशधारियों का रोल अंदर का खेल है वहीं प्रशासन आंख मिचौली खेल रहा है। पर नदी तो सामने है। केन नदी में जहां अवैध उत्खनन हो रहा है वह हमारे पन्ना जिले के क्षेत्र में आती है। जहां भारी तबाही केन नदी में बीसों फुट गहराई से रेत निकालकर जलीय जीव जंतुओं को आकाष्मिक कालकवलित किया जा रहा है। वहीं वाटर लेबिल सतत नीचे जा रहा है। केन नदी के किनारे बसे हुए गांवों के सामने आने वाले समय में जल संकट गहरायेगा। वहीं पन्ना जिले को राजस्व रॉयल्टी का भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही राजस्व रॉयल्टी से जिले का विकास निर्भर करता है। आखिर यह कौन सा नियम हमारे जिले की रेत केन नदी से माफियाओं के द्वारा खुलेआम निकाली जा रही है जबकि कोई ठेका हुआ नहीं तो फिर जो मौका स्थल पर अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है क्या उसका सर्वे कराया जायेगा। तथा जिन जिम्मेदारों के वाहन तथा एल.एन.टी. मशीनें विगत दिवस एस.डी.एम. अजयगढ़ कुशल सिंह गौतम ने पाई थीं वहीं जिन ट्रको व डम्फरों के नम्बर सभी एस.डी.एम. के पास है क्या उन पर यह कार्यवाही तय होना लाजमी है कि नहीं आखिर यह कैसी भर्रेशाही हमारे जिले में केन नदी से अवैध उत्खनन कराने को लेकर क्या प्रशासन जिम्मेदार नहीं है। जब अपनी नदी केन की सीमा व क्षेत्र में हम सुरक्षा नहीं कर पा रहे तथा जो रेत निकाल रहे है उन पर कार्यवाही भी नहीं कर पा रहे मात्र रेत निकालकर छतरपुर की सीमा में पहुंच जाना उनका अपराध नहीं जबकि बारदात घटना जहां से अवैध उत्खनन हमारे जिले की केन नदी की सीमा में हो रहा है यानि की पन्ना जिले की सीमा जो केन नदी में है उस पर सतत अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिसका जिम्मेदार कौन? भारी तबाही का मंजर है केन नदी अपने अस्तित्व को कैसे बचाये जब प्रशासन भी माफियाओं के सामने मजबूर हालात में तो फिर क्या जनता जायेगी। या फिर जिला प्रशासन के मुखिया इसकी सुध लें।

#### इनका कहना है-

निश्चितौर पर इस संबंध में कार्यवाही की जायेगी। जो हमारे जिले की सीमा से रेत का अवैध उत्खनन का कारोबार चल रहा है या जो सड़कें बनाई गई उसे हटाया जायेगा।

**सुरेश कुमार**
**कलेक्टर पन्ना**

## आशा और ए.एन.एम. की सूझबूझ से बचाई गई गर्भवती महिला व बच्चों की जान



**पन्ना।**

देवेंद्रनगर के अंतर्गत आने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव की हाई रिस्क गर्भवती महिला व बच्चे को सुमन डेस्क के माध्यम से ब्लड बैंक पन्ना द्वारा रक्तदान कर कर बचाई गई गर्भवती महिला की जान

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक जैन द्वारा बताया गया की मातृ मृत्यु के उच्च जोखिम को पूरी तरह से काबू करने को लेकर सरकार की हर संभव कोशिश लगातार जारी है, इसके परिणाम साल दर साल सार्थक नजर आ रहे हैं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा उच्च जोखिम गर्भावस्था को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है,इसी दिशा में हर जिले में ब्लड बैंक व सुमन डेस्क जैसी सुविधाएं सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करती हैं। यही एक घटना बड़ागांव में देखने मिली, जहां पर एक महिला जीवन यापन हेतु पैसे कमाने के उद्देश्य से बाहर गई हुई थी, वह गर्भवती होने पर प्रसव हेतु अपने ग्रहस्थान बड़ागांव वापस आई। रोज की तरह आशा कार्यकर्ता लक्ष्मी शुक्ला द्वारा गांव के भ्रमण के लिए निकली जहां उसे पता चला कि गर्भवती महिला बाहर से गांव आई है, उसकी तुरंत सूचना ए.एन.एम. दीदी गायत्री प्रजापति को दी, सूचना मिलने के उपरांत दोनों ने गर्भवती महिला के घर जाकर देखा गया तथा जांच के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र को कहा गया, लेकिन महिला तथा परिवार के सदस्यों द्वारा संस्था में जाने एवं संस्थागत प्रसव को मना किया गया, आशा व ए.एन.एम. ने सूझबूझ दिखाते हुए पूरे परिवार को समझाया , तथा उसे स्वास्थ्य केंद्र ले आया गया जहां डॉ.राजेंद्र प्रजापति द्वारा महिला की संपूर्ण जांच कराई गई, जांच में हीमोग्लोबिन का स्तर बहुत कम होने की स्थिति में डॉ. राजेंद्र द्वारा रक्त का प्रबंध तथा सुमन डेस्क से पूजा गुप्ता द्वारा निरंतर प्रयास से महिला को रक्तदान कराया गया, जहां महिला की स्थिति सुधरने उपरांत संस्थागत प्रसव कराकर महिला ने सुरक्षित बच्ची को जन्म दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर के सी.बी.एम.ओ. डॉ. अभिषेक जैन ने इस कार्य की सराहना करते हुए बताया कि मातृ मृत्यु के जोखिम को घटाने के लिए हर जरूरी संभव प्रयास शासन द्वारा किया जा रहा है , किंतु खून की कमी को सभी के सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है क्योंकि इसे किसी और तरीके से तैयार नहीं किया जा सकता है, इसके लिए हर किसी का जागरूक होना बहुत जरूरी है साथ ही स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आए और मातृ मृत्यु के जोखिम को कम करने में भागीदारी।

## जो इच्छा अनुसार जीते हैं उनके लिए मोक्ष के रास्ते बंद हो जाते हैं- मुनि श्री सुधा सागर



**हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह**

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज आचार्य श्री समाज सागर जी महाराज के तीन निर्यापक मुनि संघ सहित विराजमान है। जिनके दर्शन पूजन अर्चन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से भक्तजनों का दमोह पहुंचना जारी है। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह से शाम तक विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। जिनमे प्रातः आचार्य भक्ति, धर्म सभा, आहार हेतु पड़गाहन, दोपहर में सामायिक, शाम को जिज्ञासा समाधान, आरती, प्रवचन आदि धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर भक्तजन पुण्य अर्जन कर रहे हैं। गुरुवार सुबह जैन धर्मशाला में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में इच्छा अनुसार जीवन को निषेध बताते हुए कहा कि मनुष्य में जब तक इच्छाओं का जागरण रहेगा तब तक मुक्ति संभव नहीं है संसारी व्यक्ति अपनी इच्छानुसार जीवन जीना चाहता है जबकि धर्म कहता है इच्छा निरोधा। तप इच्छाओं का निरोध करना ही तप है मोक्ष जाने की या मुनि बनने की इच्छा भी बाधक है। जब तक मोक्ष जाने की इच्छा है तो मोक्ष नहीं पहुंच सकते। जो इच्छा अनुसार जीते हैं उनके लिए मोक्ष के रास्ते बंद हो जाते हैं प्रकृति मोक्ष का मार्ग बंद कर देती है। मुनि श्री ने कहा कि मुनि दशा वह दशा है जहां शेर भी समयक नहीं बिगाड़ सकता ध्यान भंग नहीं कर सकता किंतु आज शारीरिक शक्ति हीन होने से एक मच्छर भी परेशान कर देता है ।

## खबर संक्षेप

### एनसीएल का मेगा आरोहण समर कैंप 2024 आज से शुरू

**सिंगरौली।** भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा "आरोहण समर कैंप" के पांचवें संस्करण का आगाज आज से हो रहा है। एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष स्थानीय क्षेत्र के 6-18 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर "आरोहण" का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह प्रशिक्षण शिविर 18 मई से 16 जून, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। एक माह की अवधि तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान योग्य प्रशिक्षकों के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को विभिन्न खेलों जैसे बैडमिंटन, एथलिटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, फुटबाल, क्रिकेट, नृत्य, संगीत (गायन एवं वादन), पेंटिंग, लॉनटेनिस, बास्केटबॉल, जूडो, कराटे स्विमिंग, बॉक्सिंग, स्केटिंग व अन्य विधाओं में पारंगत किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन शिविर "आरोहण" का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल कूद भावना जागृत करना एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित करना है। साथ ही बच्चों में परस्पर भाई-चारे की भावना को बढ़ावा देते हुए उनका मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक विकास करना है। इस वर्ष आरोहण समर कैंप के लिए ऑनलाइन माध्यम से 7820 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाईयों में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### निमंत्रण में आए व्यक्ति से युवकों ने मांगे पैसे, न देने पर की मारपीट




**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मऊखेरा में कुछ युवकों ने गत 24 अप्रैल को गांव के एक समारोह में शामिल होने आए एक व्यक्ति से पैसों की मांग की और जब पैसे नहीं दिए गए तो युवकों ने मारपीट कर दी थी। उक्त घटना की रिपोर्ट गुलगंज थाना में की गई थी, जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मारपीट करने वाले आधा दर्जन से अधिक युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गुरूदत्त शेषा ने बताया कि 24 अप्रैल को ग्राम अनगौर का रहने वाला फरियादी अपनी पत्नी के साथ ग्राम मऊखेरा में विवाह समारोह में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान मऊखेरा निवासी हीरालाल राजपूत, पुष्पेंद्र राजपूत, रानू राजपूत, चंद्रभान राजपूत, राजेश राजपूत, घनश्याम राजपूत और भागी राजपूत ने उससे पैसे मांगे और जब फरियादी ने पैसे देने से मना किया तो उक्त सभी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जाने से मारने की धमकी दी। फरियादी की शिकायत पर मारपीट, अवैध वसूली, जान से मारने की धमकी संबंधी विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए मुख्य आरोपी हीरालाल राजपूत को घटना के अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया था, शेष आरोपियों की तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही थी। बीते रोज शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बागेश्वर धाम में ज्ञान और शक्ति का समागम

**छतरपुर।** आगामी 27 मई से 29 मई तक बागेश्वर धाम में ज्ञान एवं शक्ति का समागम होने जा रहा है। ज्ञानपुंज पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 27 मई को बागेश्वर धाम पधार रहे हैं। अदृश्य शक्ति एवं आध्यात्म के लिए प्रसिद्ध बागेश्वर धाम में शंकराचार्य भगवान की उपस्थिति में हिन्दू राष्ट्र धर्म सभा का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं आध्यात्मिक संवाद का भी कार्यक्रम है।

## सिर में मिली गंभीर चोट, परिजनों को हत्या का संदेह

# भूसे के ढेर में दफन मिला युवक का शव, फैली सनसनी

**छतरपुर।** खजुराहो थाना क्षेत्र के अकौना गांव में शुक्रवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब युवक का शव खेत में रखे भूसे के ढेर में दफन मिला। शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। मृतक के सिर में गंभीर चोट बताई गई है, जिस कारण से उसके परिजनों ने हत्या का संदेह जाहिर किया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की है। खजुराहो एसडीओपी डॉ. सलिल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः करीब 7 बजे अकौना गांव से सूचना मिली थी कि गांव के ही लक्ष्मण कुशवाहा उम्र 30 वर्ष का शव एक खेत में रखे भूसे के ढेर में दफन मिला है। उक्त सूचना मिलने के बाद खजुराहो थाना प्रभारी अतुल दीक्षित दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। पुलिस के साथ पहुंची एफएसएल टीम ने संबंधित स्थान के आसपास से तकनीकि साक्ष्य एकत्रित किए हैं। खजुराहो पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच शुरु की है। एसडीओपी डॉ. शर्मा ने बताया कि मृतक के सिर में गंभीर चोट है, जिस कारण से परिजनों को हत्या किए जाने की आशंका है। पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है, जल्द ही मामले का खुलासा होगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले उन लोगों से पूछताछ की जा रही है, जिनके साथ मृतक को गुरूवार की रात में आखिरी बार देखा गया था।

**इनका कहना है -**

शुक्रवार को सुबह के वक्त खजुराहो थाना क्षेत्र के ग्राम अकौना में युवक का शव मिला है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। एसडीओपी और थाना प्रभारी को मामले की बारीकी से जांच कर जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अगम जैन, पुलिस अधीक्षक, छतरपुर**



## पूर्ण आहुति के साथ संपन्न हुआ पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं भागवत कथा

# यज्ञ से जागृत होती है धार्मिक आस्थाः शास्त्री

**नौगांव।** तहसील के अच्चट गांव स्थित बैजनाथ धाम हजार मुखी शिव मंदिर परिसर में चल रही पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा शुक्रवार को संपन्न हो गई। यज्ञ व कथा के समापन के हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। रुद्र महायज्ञ व भागवत कथा का आयोजन कर्ता महंत श्री राम बालक दास जी महाराज चित्रकूट धाम एवं समस्त ग्राम वासियों द्वारा कराया गया था। कथा व्यास पंडित राजेश कृष्ण शास्त्री ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। राजेश कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथा व्यास ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन शुक्रवार को विधिविधान से पूजा करवाई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया।




# सट्टा कारोबार के विरुद्ध पुलिस विभाग सख्त

**छतरपुर।** इन दिनों देश में दुनिया की सबसे प्रसिद्ध क्रिकेट प्रतियोगिता इंडियन प्रीमियर लीग यानि कि आईपीएल चल रहा है। वैसे तो यह लीग देश की खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने की मंशा से आयोजित किया जाता है लेकिन कुछ काले कारोबारियों ने इसे आमदानी का जरिया बना लिया है। दरअसल पूरे देश के साथ-साथ छतरपुर जिले में भी आईपीएल के मुकाबलों पर प्रतिदिन बड़े पैमाने पर सट्टा लगाया जा रहा है, जिसके विरुद्ध पुलिस विभाग सख्त बना हुआ है। आए दिन जिले के किसी न किसी थाना क्षेत्र से सटोरियों के पकड़े जाने की खबरें सामने आ रही हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि सट्टे का कारोबार किसी भी दृष्टिकोण से समाज और युवा पीढ़ी के लिए सही नहीं है, इसलिए उन्होंने जिले भर के थाना प्रभारियों को अभियान चलाकर सटोरियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे स्पष्ट है जिले में बड़े पैमाने पर सट्टे का कारोबार चल रहा है। युवा पीढ़ी धन कमाने की लालच में इस ओर रुख कर रही है, जो कि काफी घातक है। उन्होंने बताया कि हाल ही में शहर के सटी कोतवाली थाना और सिविल लाइन थाना की पुलिस ने कई सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा नौगांव थान क्षेत्र में भी पिछले दिनों सट्टो का कारोबार संचालित करने वाले युवकों को पकड़ा गया है। एसपी श्री जैन के अनुसार पकड़े गए सटोरियों में ज्यादातर युवा शामिल हैं। उन्होंने आम नागरिकों और युवा वर्ग से अपील करते हुए है कि वे ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से खिलवाए जाने वाले सट्टे से दूर रहें क्योंकि यह एक ऐसा दलदल है जिसमें फंसने के बाद न सिर्फ आपको बल्कि आपके परिवार को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। एसपी ने बताया कि जिले में चल रहे सट्टा कारोबार के विरुद्ध पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।



**जिले भर में अभियान चलाकर की जा रही कार्रवाई**

# बकरियां चराने गई महिला के साथ पिता-पुत्र ने की मारपीट



**परिजनों का आरोपः पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही, एसपी से हुई शिकायत**

छतरपुर। ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंधीखुर्द के एक यादव परिवार ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर बताया कि गत 6 मई को परिवार की एक महिला के साथ गांव के ही पिता-पुत्र ने मारपीट की थी। इस मामले में ईशानगर पुलिस द्वारा आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पीड़ित परिवार ने एसपी से कार्रवाई कराने की मांग की है। बंधीखुर्द निवासी देवीदीन यादव ने बताया कि गत 6 मई को उसके छोटे भाई की पत्नी सविता यादव अपने खेतों में बकरियां चरा रही थी तभी गांव का राकेश यादव सविता के पास जाकर गाली-गलौज करने लगा। जब सविता ने उसे रोकने का प्रयास किया तो राकेश और उसके पुत्र आकाश ने लाठी-डंडों से सविता के ऊपर हमला कर दिया। मारपीट में सविता के हाथ-पैर फ्रैक्चर हुए हैं। देवीदीन के मुताबिक उसने घटना दिनांक को ही ईशानगर थाना में मामले की शिकायत की थी लेकिन न तो पुलिस ने पीड़ित के बताए अनुसार रिपोर्ट लिखी और न ही आज तक आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। एसपी को आवेदन देकर पीड़ित परिवार ने कार्रवाई कराने की मांग की है।

# लाखों की चोरी का नहीं हुआ खुलासा, पीड़ित ने एसपी को दिया ज्ञापन

**छतरपुर।** जिले के गोयरा थाना के ग्राम बसराही में गत 4 मई की रात को कमलेश पटेल नाम के व्यक्ति के घर चोरी हो गई थी। 5 मई को गोयरा थाने में इस संबंध में सूचना दी गई। पुलिस ने आईपीसी की धारा 457, 380 के तहत मुकदमा कायम कर लिया था लेकिन अब तक चोरी का खुलासा नहीं हुआ है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर चोरी के खुलासे की मांग की है। बसराही निवासी कमलेश पुत्र जागेश्वर पटेल ने एसपी को आवेदन देते हुए बताया कि 4 मई को मैं अपने घर पर सो रहा था उसकी पत्नि बीमार है। रात में उसके घर चोरी हो गई। कमलेश के मुताबिक सोने, चांदी के जेवरात और नगदी सहित करीब 18 लाख रूपए की चोरी हुई है। घर में रखे बक्से चोर उठाकर ले गए और खेतों में इत्मिनान से उससे सामान निकाला। सुबह जब परिवार उठा तो देखा कि घर के ताले टूटे पड़े हैं जिस कमरे में जेवरात रखे थे वहां के ताले टूटे हैं तथा गांव के बाहर खेत में बक्से पड़े हैं। पीड़ित के मुताबिक गांव का ही शिवनाथ पटेल उनके घर में घुसा था। पुलिस ने संदेही से पूछताछ की है लेकिन अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। गोयरा थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि चोरी की एफआईआर उसी दिन दर्ज हो गयी थी अभी जांच चल रही है।

# नाबालिग को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म के लिए विवश करने वाली महिला गिरफ्तार

**छतरपुर।** गत 29 अप्रैल को महिला थाना में एक नाबालिग लड़की द्वारा दर्ज कराई गई गंभीर शिकायत के मामले की मुख्य महिला आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि महिला आरोपी शहर के एक थाने में पहले से अवैध शराब का मामला दर्ज है। उसके 4 अन्य साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

महिला थाना से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 29 अप्रैल 2024 को अपने परिजनों के साथ आई 15 वर्षीय बालिका ने वन स्टॉप सेंटर में काउंसलिंग के दौरान बताया था कि शहर के पठानी मोहल्ला की रहने वाली लक्ष्मी सेन ने अपने साथी आकाश प्रजापत,ि सागर अहिरवार, अर्जुन अहिरवार और एक नाबालिग किशोर ने उसे ब्लैकमेल कर गलत काम करने के लिए विवश किया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध महिला थाने में भारतीय दंड विधान एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू की गई थी। आरोपी आकाश, सागर, अर्जुन और नाबालिग किशोर को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि मामले की मुख्य महिला आरोपी पठानी मोहल्ला निवासी लक्ष्मी सेन लगातार फरार चल रही थी, जिसे महिला थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया। लक्ष्मी सेन ने उक्त कुकृत्य करना स्वीकार किया है। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मी सेन के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में अवैध शराब का प्रकरण पहले से पंजीबद्ध है। उसे न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक बबली, प्रधान आरक्षक कामता प्रसाद, आरक्षक जितेंद्र, नरेश पटेल, कुलदीप सिंह, रोहित तथा महिला आरक्षक सुखवती की मुख्य भूमिका रही।




# टिकिट के लिए घंटों लाइन में लगने के लिए मजबूर हैं यात्री

**हरपालपुर।** रेल विभाग भले ही यात्रियों की सुविधा हेतु तमाम प्रयास कर रहा हो लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं। ताजा मामला हरपालपुर रेल्वे स्टेशन का है जहां के टिकिट काउंटर पर मात्र एक कर्मचारी होने के कारण लोगों को परेशानी ओ रही है। दरअसल हरपालपुर रेल्वे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों मुसाफिर आवागमन करते हैं, जिनमें से ज्यादातर यात्री ग्रामीण अंचलों के होते हैं और वे स्टेशन से ही टिकिट लेते हैं। ऐसे में टिकिट काउंटर पर तैनात एक मात्र कर्मचारी के ऊपर अधिक भार हो जाता है और व्यवस्थाएं विफल हो जाती हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हरपालपुर रेल्वे स्टेशन से टिकिट लेने के लिए यात्री रात से ही लाइन लगा लेते हैं। सुबह 8 बजे जैसे ही काउंटर शुरु होता है, वैसे ही यहां भारी भीड़ हो जाती है। इसके साथ ही सुबह 10 बजे से तत्काल कोटा की टिकिट मिलना भी शुरु हो जाती है जिससे भीड़ और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में एक अकेला कर्मचारी व्यवस्था को संभाल नहीं पा रहा है। इसके अलावा केन्द्र सरकार की डिजिटल इंडिया योजना के तहत हरपालपुर स्टेशन पर ऑनलाइन भुगतान के लिए लगाई गई डिजिटल मशीन भी पिछले कई महीनों से बंद पड़ी है, जिस पर स्थानीय रेल प्रशासन का ध्यान नहीं है। इन समस्याओं को लेकर स्थानीय अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।



# जमीनी विवाद के चलते पति-पत्नी और बच्चों पर हुआ हमला



**छतरपुर।** भगवां थाना अंतर्गत आने वाली घुवारा चौकी क्षेत्र के ग्राम बछरावनी में बीते रोज जमीनी विवाद के चलते पूरे परिवार के साथ मारपीट किए जाने की घटना सामने आई थी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घुवारा चौकी पुलिस ने मारपीट करने वालों से सांठ-गांठ कर ली है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने एसपी और डीआईजी से मामले की शिकायत कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। ग्राम बछरावनी निवासी महेन्द्र सिंह घोष ने बताया कि गांव के मोहन सिंह पुत्र पूरन सिंह घोष से उसका जमीनी विवाद चल रहा है, जो कि एक शासकीय शिक्षक भी है। महेन्द्र के मुताबिक बीते रोज वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खेत पर था तभी मोहन सिंह, नरेश सिंह और दिनेश सिंह अपने परिवार के एक दर्जन से अधिक सदस्यों के साथ वहां आया और गाली-गलौज करते हुए उसके परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट में महेन्द्र के साथ-साथ उसकी पत्नी मिथिलेश, 5 पुत्रियां और 1 पुत्र घायल हुआ है। महेन्द्र का आरोप है कि घटना के बाद वह शिकायत करने के लिए घुवारा चौकी गया था लेकिन उसके पहुंचने से पहले आरोपी पक्ष ने चौकी पुलिस से सांठ-गांठ कर ली जिसके चलते पुलिस ने उसे दिन भर चौकी में बैठाए रखा और बाद में अपने मन मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर उसे चलता कर दिया। महेन्द्र ने पुलिस अधीक्षक और डीआईजी कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# तहसीलदार की रोक के बाद भी नहीं रुक रही ब्लास्टिंग

### ग्रामीणों ने एसपी के सामने रखी आदेश का पालन कराने की मांग



**छतरपुर।** प्रकाश बम्हौरी थाना क्षेत्र के ग्राम भुइयारानी का पुरवा के ग्रामीण इन दिनों गांव के समीप संचालित पत्थर खदान में की जा रही ब्लास्टिंग से परेशान हैं। पिछले दिनों नायब तहसीलदार गौरिहार ने ब्लास्टिंग पर रोक लगाई थी लेकिन पुलिस तहसीलदार के आदेश का पालन नहीं करवा रही है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते हुए नायब तहसीलदार जुझारनगर द्वारा दिये गये स्थगन आदेश का पालन प्रकाश बम्हौरी थाना पुलिस से कराने की मांग की है। ग्रामीण भूपेन्द्र ने बताया कि ग्राम प्रकाश बम्हौरी के खसरा नम्बर 274, रकवा 4.533 हे. मे से 1.000 हे. की पत्थर लीज सावित्री पत्नी अशोक सचान निवासी घाटमपुर हाल निवास प्रकाश बम्हौरी के नाम स्वीकृत की गई है। संचालक सावित्री देवी द्वारा पत्थर निकालने के लिये की जा रही बलास्टिंग के पत्थर भुइयारानी का पुरवा के घरों के साथ-साथ खेतों, चंदेली मंदिर और तालाब मे गिरते हैं। इसके अलावा ब्लास्टिंग से जन एवं पशु हानि का खतरा भी है। पूर्व में ब्लास्टिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार गौरिहार से आग्रह किया था, जिस पर तहसीलदार ने 19 अप्रैल 2024 को ब्लास्टिंग पर रोक लगा दी थी। ग्रामीणों का कहना है कि थाना प्रभारी प्रकाश बम्हौरी द्वारा उक्त आदेश का पालन नही किया गया है और सावित्री तथा उनके पति अशोक निरंतर ब्लास्टिंग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर तहसीलदार के आदेश का पालन कराने की मांग की है।

# हार-जीत के दांव लगाते पकड़े गए आधा दर्जन जुआरी

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जुआरियों और सटोरियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बीत रात शहर के सटई रोड पर मंडी के समीप हार-जीत के दाव लगा रहे आधा दर्जन जुआरियों को सिविल लाइन पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि पकड़े गए जुआरी मोबाइल की रोशनी में जुआ खेल रहे थे, जिन्हें मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर दबोचा गया। जुआरियों के पास से नगदी सहित करीब डेड़ लाख की संपत्ति जप्त की गई है।
सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सटई रोड की मंडी के समीप दबिश दी जहां आधा दर्जन युवक हार-जीत के दाव लगा रहे थे। पुलिस को देखकर जुआरी भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पकड़े गए जुआरियों ने अपने नाम मूलचंद साहू असाटी मोहल्ला छतरपुर, लखन साहू पीतांबरा मंदिर के बगल से सटई रोड छतरपुर, जगदीश साहू संध्या विहार कॉलोनी सटई रोड छतरपुर, काशीराम साहू सटई रोड छतरपुर, रामदयाल साहू गल्ला मंडी के पीछे सटई रोड छतरपुर और दिनेश साहू गल्ला मंडी के पास सटई रोड छतरपुर बताए हैं। जुआरियों के पास से 40 हजार कैश, 6 एंड्राइड एवं साधारण मोबाइल, एक मोटरसाइकिल और ताश के 52 पत्ते जप्त कएि गए हैं। जुआरियों के विरुद्ध नामजद अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मीक चौबे, के अलावा सउनि. हरिश्चन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र सिंह, संजय, आरक्षक भूपत सिंह, अरविंद, धर्मेद्र सिरवैया एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एनसीएल निगाही परियोजना में हुई स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला

बुधवार को नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमडी, एनसीएल श्री बी. साईराम बतौर मुख्य अतिथि एवं निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक, स्वतंत्र निदेशक, एनसीएल श्रीमती सुबीना बंसल, सीएमओएआई प्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान सनातन संस्था सद्गुरु नीलेश सिंगबाळजी द्वारा तनाव मुक्त एवं खुशहाल जीवन जीने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही उन्होनें उपस्थित सभी से तनाव न लेने तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु आह्वान किया। उन्होनें तनाव उत्पन्न होने के कारणों तथा उनका शरीर एवं मन पर प्रभाव व तनाव से बचाव हेतु उपायों के बारे में भी विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इस अवसर पर एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं व इकाइयों के महाप्रबंधक, श्रमिक संघ प्रतिनिधि, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी एवम् उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जल निगम की पाइपलाइन के संबंध में कार्यशाला आज

**रीवा।** जिले भर में जल जीवन मिशन के तहत समूह नल-जल योजनाओं के निर्माण कार्य बड़ी संख्या में जारी हैं। पेयजल व्यवस्था के लिए हजारों किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई जा रही है। बिछाई गई पाइपलाइन अन्य निर्माण कार्यों से क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए पाइपलाइन पर संकेतक लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि 18 मई को दोपहर 12 बजे से विन्ध्या रिट्रीट में जल जीवन मिशन की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जल निगम की पाइपलाइन तथा अन्य परिसम्पत्तियों को जियो पोर्टल डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन में जाकर चिन्हित करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत मण्डल, सड़क विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, हाउसिंग बोर्ड, पीआईयू तथा निर्माण कार्यों से जुड़े सभी विभागों से जुड़े संभागीय तथा जिला अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### कलेक्टर 21 मई को करेंगी निर्माण कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 21 मई को प्रातः 11 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगी। बैठक में लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक 29 मई को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 29 मई को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना योजना, पोषण आहार वितरण, मंगल दिवस तथा अन्य विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर समग्र शिक्षा अभियान की 22 मई को करेंगी समीक्षा

**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 22 मई को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा करेंगी। बैठक में शिक्षा विभाग के विभागीय विकास कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीआईयू, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक शिक्षा मिशन तथा बीईओ एवं बीआरसीसी शामिल रहेंगे।

### आरोपी शंकर गुप्ता पर 30 हजार रूपये का इनाम घोषित

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में 16 मई 2024 धारा 302 के अपराध में मृतिका राज कुमारी गुप्ता उम्र 55 साल की दामाद शंकर गुप्ता द्वारा चाकू जैसे धारदार हथियार से चोट पहुंचाया गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी . सागर ने ग्राम जरहा के घटना स्थल का औचक निरीक्षण किया एवं आरोपी शंकर गुप्ता सिनेमा रोड बुढार को गिरफ्तार कराने वालो को 30 हजार रूपये के ईनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### आधार कैंप के पूर्व प्रचार-प्रसार करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओ मे आधार कार्ड महत्वपूर्ण घटक है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी , समस्त तहसीलदारो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियो, समस्त परियोजना अधिकारी, , अपडेट करवाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया जाए।

---

#### विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी करें - अतिरिक्त मुख्य सचिव

# संभागीय बैठक के निर्णयों पर तत्परता से कार्यवाही करें: कंसोटिया

**रीवा !** कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रीवा संभाग के प्रभारी अधिकारी तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव वन श्री जेएन कंसोटिया ने कहा कि कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी करें। क्षेत्र का भ्रमण करके योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाई को दूर करें। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विकास योजनाओं से जुड़े अन्तर्विभागीय विषयों पर चर्चा करके अधिकारियों को उचित निर्देश दें।





संभागीय बैठक में लिए गए निर्णयों पर तत्परता से कार्यवाही करें। बैठक के जिला और संभाग स्तर के सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही करके पालन प्रतिवेदन पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराएं। कलेक्टर और वनमण्डलाधिकारी विकास योजनाओं से जुड़े भूमि के प्रकरणों का संयुक्त रूप से प्रयास करके निराकरण करें। जिससे स्वीकृत विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सके। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मऊगंज तथा मैहर नए जिले हैं। इनमें संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव तत्काल तैयार करें। इन जिलों में नवीन कार्यालय प्रारंभ करने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पद स्वीकृत कराने के संबंध में विभागीय स्तर से प्रयास करें। सिंचाई, सड़क, नल-जल योजना तथा अन्य निर्माण कार्यों में जहाँ वन भूमि की आवश्यकता है वहाँ संबंधित विभाग के अधिकारी अनुमति के लिए आवश्यक अभिलेखों के साथ ऑनलाइन आवेदन करें। वन विभाग के अधिकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तय समय सीमा में आवेदन का निराकरण करें। कलेक्टर इसकी हर सप्ताह समीक्षा करें। जमीन के अभाव में किसी भी परियोजना का निर्माण कार्य बाधित नहीं होना चाहिए। ऐरा प्रथा के नियंत्रण के लिए कलेक्टर मऊगंज द्वारा किया गया नवाचार सराहनीय है। ग्रामीण विकास विभाग से स्वीकृत सभी गौशालाओं का निर्माण पूरा कराकर उनमें गौवंशों के रखने की तथा गौशाला संचालन की व्यवस्था करें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि पेयजल व्यवस्था से जुड़े निर्माण कार्यों पर सभी कलेक्टर विशेष ध्यान दें। जल जीवन मिशन के कार्यों की नियमित समीक्षा करें। विकास योजनाओं के संबंध में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कराएं। संभागीय बैठक में जल जीवन मिशन की बाणसागर प्रथम समूह नल-जल योजना के कार्य में तेजी के सुझाव दिए गए थे। इस महत्वपूर्ण योजना का कार्य समय सीमा में पूरा कराएं। संभाग में स्वीकृत सभी पाँच प्रमुख समूह नल-जल योजनाओं के कार्यो की कलेक्टर नियमित समीक्षा करें। बरगी परियोजना में स्लीमनाबाद टनल का निर्माण दिसम्बर माह तक पूरा होगा। इसकी नहरों का कार्य पूरा करा लें जिससे टनल का कार्य पूरा होते ही किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सके। सीधी और सिंगरौली जिले की सिंचाई परियोजनाओं तथा नल-जल परियोजनाओं में वन भूमि में अनुमति के संबंध में सभी प्रस्ताव शासन स्तर को प्रेषित कर दिए गए हैं। इनमें स्वीकृतियाँ शीघ्र जारी हो जाएंगी।

बैठक में संभागीय बैठक के सभी एजेण्डा बिन्दुओं पर विभागवार चर्चा की गई। बैठक में सीधी-सिंगरौली हाईवे निर्माण, जल संरक्षण के कार्यों, विभिन्न सड़कों के निर्माण, गुलाबसागर सिंचाई परियोजना, सिंगरौली में ट्रामा सेंटर के निर्माण, टोंस बराज के डूब से अप्रभावित 36 गांवों के किसानों को उनकी जमीन वापस करने, खराब ट्रांसफार्मर बदलने, चितरंगी कालेज में नवीन कक्षाएं प्रारंभ करने तथा सतना जिले में बगदरा घाटी में गौ अभ्यारण्य निर्माण के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इनमें किसी भी तरह की कठिनाई आने पर तत्काल अवगत कराएं। कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करें। राज्य स्तर पर प्रेषित प्रस्तावों को स्वीकृत कराने के लिए लगातार फालोअप करें। बैठक में सभी कलेक्टरों ने जिले के विकास कार्यों की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त वन संरक्षक राजेश राय, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, प्रभारी कलेक्टर सतना स्वप्निल वानखेड़े, डीआईजी साकेत पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, सभी जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी तथा संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में मनाया गया हाइपरटेंशन दिवस




**रीवा।** ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में प्राणि शास्त्र और बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सयुक्त तत्वाधान में हाइपरटेंशन दिवस मनाया गया इस आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. एस पी शुक्ला उपस्थित रहे उन्होंने विभाग के सभी छात्रों की संबोधित करते हुए कहा की हाइपरटेंशन का मुख्य कारण तनाव और अनियंत्रित खान पान से होता है इसके अलावा मोटापा नीद की कमी तेलीय पदार्थ के अधिक सेवन से यह बीमारी होती है इस कार्यक्रम



का सफल आयोजन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस आयोजन में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रामयश साहू डॉ. अन्नू तिवारी डॉ. कल्पना त्रिपाठी डॉ. परवीन बनो डॉ. निकिता मिश्र, डॉ. परवीन बनो, प्रो संध्या सिंह, प्रो ललिता मिश्र , डॉ. अंबर शुक्ला, डॉ. विवेक यादव, प्रो अंजली सिंह, प्रो ज्ञानेंद्र तिवारी, प्रो श्रद्धा तिवारी , प्रो सुधा मिश्रा, डॉ.सविता चक्रधारी आदि प्राध्यापक और छात्र उपस्थित रहे

## शहर में चलाया गया सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम हेतु अभियान

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार प्रदूषण नियंत्रण कन्ट्रोल बोर्ड रीवा एवं नगर पालिक निगम रीवा के संयुक्त तत्वाधान में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया गया। अभियान में समस्त दुकानदारो फुटपाथ व्यापारियों पर सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने हेतु समझाइस के साथ ही चालानी कार्यवाही तथा जप्ती की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही चौपाटी, सॉई मंदिर के आसपास में की गई कार्यवाही में 3 किलो अमानक पालीथीन, डिस्पोजल से उत्पाद आदि जब्त की गई, साथ ही 2000 रू. की चालानी कार्यवाही की गई है। एवं जिन दुकानदारो द्वारा कपड़े के थैले, कागज के लिफाफे, पत्तो से बने दोना का उपयोग करते पाया गया उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रीवा से नोडल अधिकारी एसयूपी श्री राम नारायण चतुर्वेदी, श्री आर्शन तिवारी सीपीसीबी भोपाल एवं नगर निगम रीवा से



एसआई श्री धीरज पाण्डेय, श्री महादेव राठौर, श्री मिथिलेश मिश्रा एवं अतिक्रमण दल से श्री सुरेश द्विवेदी के साथ आईईसी की टीम से श्री आयूष, श्री अवनीश आदि उपस्थित रहें।

## "टेम्पो टैक्सी ठेकेदार को दी गई चेतावनी अवैध वसूली बंद करे अन्यथा की जावेगी वैधानिक कार्यवाही"

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत टैम्पो टैक्सी स्टैण्ड फीस की अवैध वसूली के संबंध शिकायते प्राप्त होने पर निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार अधिकारियों द्वारा भ्रमण के दौरान पाया गया कि ठेकेदार मेसर्स संदीप कुमार तिवारी तनय स्व. श्री इन्द्रमणि प्रसाद तिवारी के द्वारा कई स्थानों पर वसूली कर्मचारियों द्वारा चलते हुए वाहन, टैम्पो-टैक्सी को रोक कर वसूली की जा रही थी, वसूली कर्मचारी निर्धारित ड्रेस में नहीं थे और न ही नगर निगम रीवा द्वारा प्रदाय परिचय-पत्र लगाते है, निर्धारित स्थलों के अलावा अन्य स्थानों पर भी चलते वाहनों को रोककर टैम्पो टैक्सी की अवैध वसूली की प्रायः शिकायते प्राप्त होती रही है।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस की वसूली हेतु परिषद द्वारा चोरहटा, निपनिया, सिरमौर चौराहा, पुराना बस स्टैण्ड, डेकहा तिराहा, नया बस स्टैण्ड, धोबिया टंकी, हॉस्पिटल तिराहा, कुठुलिया एवं रतहरा बाईपास के पास स्थान निर्धारित किये गये हैं तथा निर्धारित स्थान से सवारी ढोने वाले टैम्पो-टैक्सी से फीस लेने की अनुमति है। बीच रास्ते चलते वाहन को रोककर एवं निर्धारित स्थलों के अलावा अन्य स्थल पर अवैध वसूली करने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। ठेकेदार मेसर्स संदीप कुमार तिवारी को निर्देशित किया गया है कि टैम्पो टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली में लगे कर्मचारी निर्धारित ड्रेस पहनकर एवं नगर निगम रीवा द्वारा प्रदाय परिचय-पत्र लगाकर ही वसूली करें एवं वसूली स्थलों में 02 दिवस के अन्दर वसूली का फ्लैक्स बोर्ड अवश्य लगाएं तथा निर्धारित स्थानों में ही टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस की वसूली कराएं तथा चलते वाहनों से वसूली न की जाय। अन्यथा की स्थिति में निगम द्वारा निर्धारित शर्तों के उल्लघन, जनहित को होने वाली असुविधा एवं संभावित दुर्घटनाओं के मद्देनजर ठेकेदार व सम्बंधित वसूली कर्मचारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी तथा टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली हेतु दी गई अनुमति वापस लिये जाने की कार्यवाही भी की जावेगी।

## 33 केवी विद्युत लाइन सुधार के दौरान दो कर्मचारी आए कारंट की चपेट में एक की हालत गंभीर

**रीवा ।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को मैदानी में 33 केवी विद्युत लाइन में सुधार कार्य कर रहे दो कर्मचारी करंट की चपेट में आ गए जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे संजय गांधी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही निकलकर सामने आई है। यहां पूरी व्यवस्था आउटसोर्स कर्मचारी के जिम्मे छोड़ रखी गई थी जिसको लेकर कर्मचारियों के अंदर आक्रोश भी है। घटना को लेकर घायल कर्मचारी के साथी मुकेश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मैदानी में 33 केवी लाइन का विद्युत सुधार कार्य चल रहा था। जिसके लिए विभाग से परमिट भी जारी किया गया था।उन्होंने बताया कि आज दोपहर खंभे में चढ़कर आउटसोर्स कर्मचारी आशीष पाण्डेय और राजू पटेल विद्युत सुधार का कार्य कर रहे थे इसी दौरान तेज हवा चली और पास से गुजर रहे दूसरे तार में



33 केवी लाइन का तार जाकर टकरा गया जिससे करंट आ गया और दोनों कर्मचारी करंट की चपेट में आ गए इस दौरान आशीष पांडे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जबकि राजू पटेल भी मामूली रूप से घायल हुए हैं मुकेश पांडे ने बताया कि विद्युत लाइन सुधार के दौरान बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर होना चाहिए लेकिन उन्होंने आउटसोर्स कर्मचारी संजय सिंह चौहान को वहां पर जिम्मेदारी दे रखी थी जिनका कोई हक नहीं है, ओर कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण भी नहीं दिए गए थे जिसके चलते यह घटना हुई है अगर इसमें जल्द ही सुधार नहीं किया गया और कार्रवाई नहीं की गई तो उनके संगठन द्वारा शहर भर में ब्लैक आउट किया जाएगा।

## बीच सड़क महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा, जमकर पिटा ऑटो चालक

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना अंतर्गत पुराने बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग मे बीच सड़क पर महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। महिला ने ऑटो चालक को एक के बाद एक थप्पड़ जड़ती रही और जमकर गाली गलौच किया। इस पूरे घटना क्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हे वीडियो में एक महिला ऑटो चालक को गाली गलौज के साथ धमकाती हुई नजर आ रही है।



ठीक इसके बाद महिला ऑटो चालक को थप्पड़ मारती हुई नजर आ रही है।महिला को युवक के साथ मारपीट करता देख आसपास के लोग भी युवक के साथ जमकर मारपीट करने लगे जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर डायल हंड्रेड पहुंची और युवक को थाने ले गई फिलहाल युवक पर क्या कार्यवाही की गई है यह मारपीट किस वजह से हुई है ये पुलिस का जांच का विषय है।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 912654 क्विंटल गेंहू की खरीद

**समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के अंतिम तीन दिन शेष**

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के अंतिम तीन दिन शेष हैं। गेंहू खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 17 मई तक 19486 किसानों से 912654 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 219 करोड़ 3 लाख 71 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 779360 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 133 करोड़ 87 लाख दो हजार 992 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 24914 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं।

## गौवंश के संरक्षण को लेकर स्वामिनी योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

**मऊगंज।** वन परिक्षेत्र अधिकारी हनुमना नयन तिवारी द्वारा विस्तार वानिकी योजना हेतु प्रस्तावित स्थल दादर पश्चिमी गौशाला ,मऊगंज में आयोजित स्वामिनी योजना कार्यक्रम में उपस्थित होकर वहां आम जनमानस को वन विभाग की योजनाओं और कार्यों तथा पशुपालक विभाग जिला पंचायत के साथ किए जाने वाले पौधारोपण तथा गोबर खाद , वर्मी खाद बनाने की भविष्य में संभावना पर भी विचार किया । कार्यक्रम में आए ग्रामीणों को आगामी बारिश में पौधा रोपण हेतु प्रोत्साहित किया तथा गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वन विभाग की सहयोगी योजनाओं से अवगत कराया तथा वन भूमि पर चरागाह विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की ।साथ ही विस्तार वानिकी योजना के लिए संभावित स्थल फूल बजरंग सिंह तालाब का भी भ्रमण किया ।

## प्रतिबंधित मादक पदार्थ कारोबारियों के अड्डे पर नईगढ़ी पुलिस की दबिश

**कारोबारियों के कब्जे से प्रतिबंधित गांजा एवं नशीली कफ सीरप जप्त कर की गई कार्यवाही**

**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेंद्र जैन द्वारा प्रतिबंधित मादक पदार्थ कारोबारियों के कारोबार में नकेल कसने के उद्देश्य चलाए गए विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडेय के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी मऊगंज अंकिता सुल्या के कुशल मार्गदर्शन में नईगढ़ी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बहुती नामक गांव में 16 मई को दबिश देकर दो आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित गांजा एवं नशीली कफ सिरप जप्त करते हुए आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में कामयाबी हासिल की है। उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा नईगढ़ी थाना प्रभारी एमपी अहिरवार के नेतृत्व में हमराह सहयोगी पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को थाना क्षेत्र के बहुती नामक गांव निवासी दिलीप सिंह पिता इंद्रजीत सिंह उम्र 35 वर्ष के अड्डे पर दबिश देखकर प्रतिबंधित मादक पदार्थ कारोबारी के कब्जे से 1 किलो 250 ग्राम प्रतिबंधित गांजा एवं 13 सीसी आनरेक्स नशीली कफ सिरप जप्त की गई वहीं इसी गांव के निवासी आरोपी अजय सिंह पिता इंद्रजीत सिंह उम्र 28 वर्ष के कब्जे से 17 सीसी आनरेक्स नसीली कफ सिरप जप्त करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।